




### एक नजर में



## कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव बने चेतन

**सीहोर.** वन कर्मचारियों के हित में निरंतर सक्रिय चेतन कुमार आर्य को मप्र वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने बड़ी जिम्मेदारी दे दी है. वन कर्मचारियों के प्रमुख संगठन भारतीय वन अधिकारी महासंघ में चेतन कुमार आर्य राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर भी कार्यरत हैं. चेतन कुमार आर्य को मध्य प्रदेश वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ ने प्रांतीय महासचिव के पद पर नियुक्त किया है. जिले के वन कर्मचारियों ने श्री आर्य को संगठन का प्रांतीय महासचिव नियुक्त किए जाने पर प्रांताध्यक्ष रामयश मौर्य एवं सेवानिवृत्त पूर्व प्रांतीय महासचिव केवीएस परिहार का आभार व्यक्त किया है. प्रांतीय महासचिव बनने पर प्रांतीय सचिव दीपक बेदी, संभाग अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह दुगेरिया एवं स वन अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा चेतन कुमार आर्य को बधाई शुभकामनाएं देकर खुशी व्यक्ति की है.




## नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए रथ रवाना

**सीहोर.** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री प्रकाश चंद्र आर्य ने 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत एवं विद्युत विशेष छूट के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया. उन्होंने बिजली कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर विद्युत के लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की. इस दौरान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय वैभव मंडलोई, विशेष न्यायाधीशहेमंत जोशी, जिला न्यायाधीश श्रीमती स्मृतासिंह ठाकुर, जिला न्यायाधीश एमके वर्मा, न्यायाधीश उप सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती स्वप्नश्री सिंह, न्यायाधीश दीपेन्द्र मालू, विद्युत महाप्रबंधक पूनम तुमराम, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, पैनल लॉयस आदि उपस्थित थे.



## दुग्ध उत्पादन और उद्यानकी फसलों को बढ़ावा देने के निर्देश

**सीहोर.** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित की जिला स्तरीय तकनीकी समूह की बैठक कलेक्टर बालागुरु के. की अध्यक्षता में आयोजित की गई. कलेक्टर ने कहा कि जिले में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ठोस पहल की जाए. इसके साथ ही दूध उत्पादन बढ़ाने, पशुपालन और मत्स्य पालन को प्रोत्साहित करने तथा किसानों को वैकल्पिक आजीविका साधनों से जोड़ने पर जोर दिया। बैठक में उप संचालक कृषि एके उपाध्याय,, उप संचालक पशुपालन आरपी गौतम, सहायक आयुक्त सहाकारिता सुधीर कैथवास, सहायक संचालक उद्यानिकी जेएस मुजाल्दा, सहायक संचालक मत्स्य प्रशांत हर्ष, जिला सहकारी बैंक के प्रभारी महाप्रबंधक मनोज शर्मा आदि उपस्थित रहे.




## जिपं सीईओ ने सुनीं आमजन की समस्याएं

**सीहोर.** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 45 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए.

## उप पुलिस अधीक्षक चैन सिंह रघुवंशी को दी विदाई

**बुधनी.** पुलिस विभाग में अनुकरणीय सेवा पूरी करने के बाद उप पुलिस अधीक्षक चैन सिंह रघुवंशी थाना बुधनी से सेवानिवृत्त हुए. आरक्षक पद से शुरुआत करने वाले रघुवंशी ने कड़ी मेहनत, निष्ठा और अनुशासन के बल पर विभिन्न पदों पर सफलता पूर्वक दायित्व निभाए और अंततः उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत होकर विभाग को अपनी सेवाएं प्रदान कीं. सेवा अवधि के दौरान उन्होंने बुधनी थाना प्रभारी के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई. सेवानिवृत्ति पर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए श्री रघुवंशी ने कहा कि विभाग में उनका यह सफर वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों, पत्रकारों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के सहयोग और मार्गदर्शन के कारण सफल रहा। उन्होंने सभी का हृदय से आभार जताया. सम्मान समारोह के दौरान एसडीओपी रवि शर्मा ने उन्हें पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया. थाना स्टाफ ने भी उन्हें हार पहनाकर उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की.



# गांव में हरगिज नहीं खुलने देंगे बूचड़खाना

## दोराहा क्षेत्र के ग्राम सतपोन में बूचड़खाना निर्माण को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन



**सीहोर.** ग्राम सतपोन में बूचड़खाना निर्माण होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम तन्मय वर्मा को सौंपा.

- सैकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में आकर जताया आक्रोश
- नारेबाजी करते हुए कहा किसी भी सूरत में नहीं बनने देंगे

नवभारत न्यूज

**सीहोर 2 दिसंबर. दोराहा क्षेत्र के ग्राम सतपोन में बन रहे बूचड़खाने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश निर्मित हो गया है. मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और उस स्थान से बूचड़खाना हटाने की मांग की गई है. ग्रामीणों का कहना है कि बूचड़खाना निर्माण से गांव की धार्मिक, सामाजिक भावनाएं आहत हो रही हैं. इसी तरह यह निर्माण बिना अनुमति किया जा रहा है. इस दौरान ग्रामीणों ने नारेबाजी भी की.**

कलेक्ट्रेट पहुंचे जिला सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष एलम सिंह दांगी और भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नारेबाजी की और कहा कि वे किसी भी स्थिति में बूचड़खाना निर्माण नहीं होने देंगे. उनकी मांग है कि प्रशासन निर्माण की अनुमति और उद्देश्य की स्पष्टता सार्वजनिक रूप से बताए. इसको लेकर जिला प्रशासन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है, गत दिनों भी ग्रामीणों ने इसका विरोध किया था, लेकिन इसके बाद भी प्रशासन मौन बैठा है.

मंगलवार को मायाराम गौर सांसद प्रतिनिधि, सरपंच कमल लोधी कतपोन, राकेश पटेल पाटन, दीवान सिंह ठाकुर सोनकच्छ, मांगी लाल मझेड़ा, पर्वत सिंह मीणा बरखेड़ा खरेट, भीम सिंह गुर्जर शाजापुर रामबाबू पाटीदार झरखेड़ा, बिरमालाल चौकसे जमुनिया खुर्द, अरविंद दांगी सेमरा दांगी, प्रदीप दांगी डोबरा, राकेश मेवाड़ा जमुनिया तालाब, रघुवीर दांगी सिराडी, हेमराज मीणा सीलखेड़ा, रामबाबू बरखेड़ी दोराहा जनपद सदस्य हेम सिंह मीणा रमेश अहिरवार भाजपा मंडल महामंत्री धर्मेंद्र बैरागी, पूर्व सरपंच रमेश मीणा मोहन माली श्रीराम लोधी अशोक लोधी तीरथ सिंह दांगी गोविन्द मीणा, बादामी पाल एवं जनप्रतिनिधि व अनेक ग्रामीण मौजूद थे.

### क्षेत्र में अनेक बीमारियों का होगा प्रकोप

जिला सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष एलम सिंह दांगी और भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा ने बताया कि ग्राम सतपोन तहसील दोराहा स्थित खसरा नंबर 70/3/2,703/4,70/3/5,70/3/7,70/3/8 कृषि भूमि में एक बूचड़खाना (कसाईखाना) एसएजी फूड्स एक्सपोर्ट प्रालि सोएब अहमद आ. सगीर अहमद निवासी 5/289 तोपखाना नाई की मंडी आगरा उत्तर प्रदेश के द्वारा खोला जा रहा है. प्रदूषण बोर्ड द्वारा दी गई जानकारी अनुसार प्रतिदिन 1 हजार भैंस 2 हजार बकरा, बकरी 1 हजार भेड़ को काटने का कार्य किया जाएगा एवं इसके मांस आदि की सप्लाई की जाएगी, जिससे निकलने वाले चमड़ा, हड्डी, खून आदि से क्षेत्र में प्रदूषण एवं बदबू फैलेगी. भविष्य में कई प्रकार की बीमारियां होने का खतरा है. इसमें लगभग 600 कर्मचारी काम करेंगे जो कसाई आदि होंगे आज जो देश का माहौल है उसे देखते हुए इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि उसमें रोहिंग्या या कुछ बांग्लादेशी घुसपैठिये हो सकते हैं ज़्जिससे जिला ही नहीं पूरे मध्य प्रदेश में आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त होने वाले व्यक्तियों को संरक्षण मिलेगा.

### कंपनी द्वारा धोखाधड़ी से हासिल किया प्रमाण पत्र

भाजपा नेता सुरेश विश्वकर्मा का कहना है कि एसएजी फूड्स एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 24 जनवरी 25 को झूठ बोलकर फल एवं सब्जियों के संरक्षण करने के नाम पर ग्राम पंचायत व ग्राम सभा कतपोन का प्रस्ताव भवन निर्माण एवं विद्युत कनेक्शन लेने के लिए लिया था जबकि उसी दिन उक्त कृषि भूमि शमीम आ. मो. यासीन मेसर्स ए एंड ए रियल स्टेट प्राइवेट लिमिटेड भोपाल के नाम से राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज थी इसलिए एसएजी कंपनी को ग्राम पंचायत/ग्राम सभा कतपोन से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं था. उसने ग्राम पंचायत कतपोन से झूठ बोला कि जमीन एस ए जी फुड्स एक्सपोर्ट प्रा लि के नाम पर है. नियमानुसार ग्राम सतपोन की कृषि भूमि पर बूचड़खाना बनाया जा रहा है, इसलिए ग्राम सभा सतपोन का अनापत्ति प्रमाण पत्र होना चाहिए लेकिन यहां कंपनी द्वारा सतपोन के स्थान पर ग्राम कतपोन का अनापत्ति प्रमाण पत्र झूठे दस्तावेजों को आधार बनाकर लिया था एस ए जी फूड्स एक्सपोर्ट प्रा. लि. शुरू से ही धोखाधड़ी का काम कर रही है. उन्होंने कहा बूचड़खाने का निर्माण किसी भी सूरत में नहीं होने देंगे.

## नर्मदा में मिला भोपाल के युवक का शव



**बुधनी.** बीती शाम नर्मदा पुल के नीचे नदी में एक युवक का शव तैरता नजर आने पर सनसनी का माहौल निर्मित हो गया. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाते हुए उसकी शिनाख्त कराई तो वह भोपाल के खजूरी कला निवासी कैंसर पीड़ित युवक का निकला. कुछ ही दूरी पर खड़ी उसकी स्कूटी भी पुलिस ने बरामद की है. मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक भोपाल निवासी शैलेन्द्र द्विवेदी है जो 30 नवंबर को बिना बताए घर से निकल गया था. परिजनों ने उसकी गुमशुदगी खजूरी सड़क थाने में दर्ज कराई थी और वे उसकी तलाश करते हुए बुधनी पहुंचे थे. इस दौरान बगवाड़ा के पास नर्मदा पुल के किनारे युवक की स्कूटी मिली. इसी समय नदी में शव मिलने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई. मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को बाहर निकाला और परिजनों से तस्दीक कराई. परिजनों ने शव की पहचान करते हुए पूरी जानकारी पुलिस को दी. बुधनी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. शव को पोस्टमार्टम हेतु मर्चुरी में रखवाया गया है.

## गीता जयंती पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**बुधनी 2 दिसंबर.** नगर के शासकीय पीएम कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय में गीता जयंती उत्सव बड़े उल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और योगेश्वर भगवान कृष्ण की प्रतिमा के समक्ष पूजन तथा दीप प्रज्वलन से हुआ. छात्राओं ने मां सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किए.

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में गीता के 15वें अध्याय का शाश्वत वाचन अतिथि शिक्षक पंडित अंकित शर्मा द्वारा छात्राओं से कराया गया. अतिथियों ने गीता के महत्व, कर्म प्रधानता और वर्तमान समय में गीता के उपदेशों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला.



विकासखंड शिक्षा अधिकारी शशि सिंह, ओ.पी. यादव, प्राचार्य पीएम सुरेंद्र जमालिया और पंडित धीरेंद्र तिवारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की सांस्कृतिक प्रभारी नमिता तिवारी ने किया. इस अवसर पर संदीपनी विद्यालय की प्राचार्य सुधा सालोमन, सीएमओ संतोष रघुवंशी, बुधनी घाट प्राचार्य जितेंद्र चौहान, दुर्गा वर्मा, नवीन तनेजा सहित तीनों विद्यालय के छात्र-छात्राएं और विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा.

## कोलूखेड़ी में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत

- मकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में दिखा तेंदुआ
- भयभीत ग्रामीणों ने दिन में भी बाहर निकलना किया बंद

नवभारत न्यूज

**दोराहा 2 दिसंबर.** जिले के अहमदपुर वन विभाग के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोलूखेड़ी के जंगल से सटे खेतों में पिछले तीन दिनों से तेंदुए की लगातार मौजूदगी ने किसानों में दहशत का माहौल है. भयभीत किसान खेत पर जाने से कतरा रहे हैं.

कोलूखेड़ी के जंगल से लगे जो खेत हैं वहां पर पिछले तीन दिन से तेंदुआ दिखाई दे रहा है. खेत पर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह कैद हो गया. पिछले साल भी इसी तरह तेंदुआ जुगराजपुरा एवं आसपास के आधा दर्जन गांवों के जंगल में दिखाई दिया था. उस समय आधा दर्जन मवेशियों को शिकार बनाया था. जुगराजपुर एवं कोलू खेड़ी सहित दो दर्जन गांवों के किसानों में तेंदुआ का मूवमेंट दिखाई देने के बाद भय का माहौल है. रात के समय कृषि कार्य करने खेतों पर भी किसान नहीं जा पा रहे हैं.

गांव के किसान जगन्नाथ सिंह मीना ने बताया कि उनके कुएं पर लगे सीसीटीवी कैमरों में यह तेंदुआ पिछले तीन दिन से लगातार दिखाई दे रहा है. उसकी मौजूदगी की पुष्टि सीसीटीवी फुटेज से हुई है. किसान के मुताबिक तेंदुए ने कुएं परपालतू कुत्ते का शिकार भी कर लिया है, जिसके बाद से किसानों में डर और बढ़ गया है.



रात में कोई भी किसान अपने खेत या कुएं पर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है.

रात के समय सिंचाई और अन्य जरूरी कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं. किसानों ने वन विभाग से तत्काल कार्रवाई कर तेंदुए को पकड़कर जंगल में छोड़ने की मांग की है ताकि वे बिना किसी डर के अपने खेतों में काम कर सकें. इस संबंध में डिप्टी रेंजर अहमदपुर हरिप्रसाद डागर ने बताया कि जंगल का जानवर है, जंगल में ही रहते हैं. कभी कभी गांव तरफ आ जाते हैं. 15 किलोमीटर के दायरे में तेंदुआ आता जाता रहता है.

## नाबालिग का अपहरण करने वाला गिरफ्तार

**सीहोर.** थाना मण्डी पुलिस ने अपहृता को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है. गत 18 अक्टूबर को सूचनाकर्ता ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति उसकी नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर ले गया है. जिस पर थाना मण्डी में प्रकरण दर्ज किया गया था. थाना प्रभारी थाना मंडी सुनील मेहर व टीम ने मुखबिर की सूचना व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपहरण के आरोपी को शाजापुर बस स्टेण्ड़ से पकड़ लिया गया. पुलिस ने आरोपी सोहन उर्फ सोनू द्वारा अगवा की गई नाबालिग को आजाद कराते हुए परिजनों को सौंपा व आरोपी को जेल भेजा गया है.

## गीता श्लोक प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



- गीता मानस समिति ने कराया था धार्मिक आयोजन
- प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को किया पुरस्कृत

नवभारत न्यूज

**सीहोर 2 दिसंबर.** गीता मानस समिति के तत्वाधान में मंगलवार को गीता श्लोक स्पर्धा का आयोजन किया गया. जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया.

कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रदीप बिजोरिया ने बताया विद्यार्थियों ने निर्णायकों की उपस्थिति में मौखिक गीत श्लोक का गायन किया. निर्णायकों ने सभी का गायन सुनकर छह से आठ तक के प्रथम एवं नौ से 12 तक द्वितीय वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों का निर्णय लिया. कक्षा छह से आठ तक वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों का निर्णय लिया गया. छह से आठ तक में प्रथम देवाशी पाटीदार, द्वितीय अपूर्वा गांधी, तृतीय नैंसी राठौर, एवं कक्षा नौ से 12 तक प्रथम स्थान वैभवी गांधी, द्वितीय एंजिल देवलिया और तृतीय स्थान निधि गौर ने हासिल किया.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंडित अभिषेक भारद्वाज, राधे गोविंद गीते रहे. पुरस्कार श्रीमती शंकुतला मोहन चौरसिया की स्मृति में प्रदान किए गए. कार्यक्रम में प्रदीप बिजोरिया, संचालक अजय मिश्रा, विष्णु भरतिया, मोहन चौरसिया, अनिल मिश्रा, चंद्रभान यादव, सत्य नारायण शर्मा, रवि ठकराल, विजेन्द्र जायसवाल, जतिन शर्मा आदि शामिल थे. गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पंडित श्री भारद्वाज ने कहाकि आज के दौर में गीता को समझना जरूरी है. उन्होंने यहां पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को संस्कार और संस्कृति से जोड़े रहने की बात कही.

## विवि ने शर्मा को प्रदान की पीएचडी की उपाधि

**सीहोर.** बरकतउल्ला विश्व विद्यालय ने सतीश शर्मा को स्वातंत्र्योत्तर हिंदी काव्य में प्रमुख जैन संत कवियों का योगदानविषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है. सतीश शर्मा ने अपना शोध कार्य डॉ गणेश लाल जैन वरिष्ठ प्राध्यापक प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया. डॉ शर्मा की उपलब्धि पर विधायक सुदेश राय, भाजपा नेता सन्नी महाजन, प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा, डॉ. राजकुमारी शर्मा आदि ने शुभकामनाएं दी हैं.

**अभियान** — नगरपालिका की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप

## नोटिस के बाद भी नहीं हटाया अतिक्रमण तो नपा ने सख्ती से तोड़ा

नवभारत न्यूज

**आष्टा 2 दिसंबर.** नगर में बढ़ते अतिक्रमण की समस्या से निजात दिलाने अब नगर पालिका सख्त हुई है. मंगलवार को एसडीएम नितिन टाले के निर्देश पर तहसीलदार राम पगारे, नपा सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति ने टीम के साथ छात्रावास के पीछे नाले पर हुए अतिक्रमण को सख्ती से हटाया. कार्रवाई की भनक लगते ही कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया था.

गौरतलब है कि आष्टा में छात्रावास कॉलोनी के पीछे बड़ा नाला है. इसी नाले से इलाके का पूरा बारिश का पानी बरसात में जमा होने से शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल से पूरे सिविल लाइन के घर व रोड पर भर जाता है. इससे छात्राओं, अधिकारियों के साथ ही आमजन को परेशानी होती है. यह समस्या स्थाई बन चुकी थी. छात्रावास के पीछे लोगों को शासन की योजना में जमीन का पट्टा दिया गया, लेकिन कई लोगों ने अपनी सीमा से ज्यादा शासकीय नाले के समीप खाली जगह देख कब्जा कर लिया. इससे नाले की सफाई नहीं होने से पानी निकासी ठप हो जाती थी. नपा पिछले पांच साल से इस समस्या का निराकरण में जुटी थी, लेकिन रूकावटों की वजह से दूर नहीं हो पाई।

नगर पालिका की तरफ से पूर्व में अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर कब्जा हटाने की चेतावनी दी, लेकिन इस नोटिस पर अमल करना उचित नहीं समझा. एसडीएम ने अब इसे गंभीरता से लेकर कब्जा हटाने तहसीलदार, नपा सीएमओ निर्देशित किया. मंगलवार को अमला दल-बल, जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचा. इस दौरान नाले पर हुए पक्के अवैध निर्माण को सख्ती से तोड़कर जगह को मुक्त कराया गया।

उल्लेखनीय है कि नगर में लोगों द्वारा धड़ल्ले से अतिक्रमण किया जा रहा है.इसके अलावा सड़क तक सामान रखा होने से पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो गई है. नगर के कन्नौद रोड, बड़ा बाजार, पुराना भोपाल-इंदौर हाईवे, सिकंदर बाजार के अलावा अन्य



जगह अतिक्रमण का बोलबाला देखा जा सकता है. नतीजतन इसका खामियाजा आमजन को परेशानी उठाकर भुगतना पड़ता है. प्रशासन, नपा अतिक्रमण हटाओ मुहिम चलाती है, लेकिन यह थोड़ा बहुत कब्जा हटाने तक सीमित रह जाती है. इससे सुधार नहीं हो रहा है. नागरिकों का कहना है जब तक निरंतर सख्ती से मुहिम नहीं चलेगी तब तक कोई ज्यादा सुधार संभव नहीं है. फिर भी प्रशासन की इस मुहिम से हड़कंप का माहौल बन गया है.

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता मोहन आ. श्री डालचंद निवासी भोपाल के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित ग्राम कल्याणपुरा तहसील व जिला सीहोर भूमि सर्वे नं. 2/1/4 रकबा 1.594 हेक्टेयर में से 0.0405 हेक्टेयर यानी 1.00 एकड़ भूमि के संबंध में विक्रय करने संबंधी करार किया गया है तथा अग्रिम टोकन राशि मेरे पक्षकार द्वारा भूमिस्वामी को अदा कर दी गई है। शेष राशि भूमि का पंजीयन कराते समय मेरा पक्षकार भूमिस्वामी को अदा कर देगा। यदि उक्त भूमि से संबंधित किसी व्यक्ति, समूह अथवा वित्तीय संस्था आदि का किसी प्रकार का कोई ऋण, भारप्रभार, बंधक, दान, कोई लेनदेन या आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मयदस्तावेज मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी और मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में कराने के लिये स्वतंत्र होगा। कृपया सूचित हो।

भवदीय
ओ.पी. चौरसिया
अधिवक्ता, सीहोर (म.प्र.)
मो. 9826742428